# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय

**नवाबगंज, कानपुर - 208002, उ०प्र०, भारत**

**पतांक सं0: 220 /आई0एच0/2026** **दिनांक: 15 जुलाई, 2026**

## उद्भवन परिषद् की पंचम बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 14/07/2026 को 3.00 बजे विश्वविद्यालय समिति कक्ष में मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में उद्भवन परिषद् की सम्पन्न पंचम बैठक का कार्यवृत्त -

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये या ऑनलाइन माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया:

| क्रम सं0 | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | प्रो० समशेर | अध्यक्ष (मा० कुलपति, एच०बी०टी०यू०, कानपुर) |
| 2. | प्रो० जितेन्द्र भास्कर | अधिष्ठाता, उद्भवन हब |
| 3. | प्रो० आर० के० वर्मा | अधिष्ठाता, अनुसंधान एवं विकास (आर० एण्ड डी०) |
| 4. | मो० ताज आलम | किंग्स इंटरनेशनल (ऑनलाइन) |
| 5. | श्री अमित बाजपेयी | सहायक निदेशक, एमएसएमई-डीएफओ, कानपुर |
| 6. | श्री संजय कुमार सिंह | अधिष्ठाता, एस०ओ०सी०टी० के प्रतिनिधि |
| 7. | डॉ० बी० बी० सागर | सह-अधिष्ठाता, इन्क्यूबेशन हब |
| 8. | श्री आकाश कुमार गुप्ता | संस्थापक, Startup आर्केलियन इंटरनेशनल प्रा० लि० |
| 9. | श्री प्रशांत सिंह | एक्जीक्यूटिव मैनेजर, HBTU TBIF |
| 10. | श्री मयंक शुक्ला | असिस्टेंट मैनेजर, HBTU TBIF |

उद्भवन परिषद् की बैठक सभी सदस्यों के स्वागत उद्बोधन के साथ प्रारम्भ हुई। तत्पश्चात् माननीय कुलपति महोदय द्वारा सभी सदस्यों को विश्वविद्यालय की प्रमुख उपलब्धियों से अवगत कराया गया। इसके उपरान्त अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई:

**मद सं0: 05:01** **विश्वविद्यालय की उद्भवन परिषद् की दिनांक 28/04/2025 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् द्वारा दिनांक 28/04/2025 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया गया।

**मद सं0: 05:02** **विश्वविद्यालय की उद्भवन परिषद् की दिनांक 28/04/2025 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद् द्वारा चतुर्थ बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण का अवलोकन किया गया एवं तत्संबंधी प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया।

परिषद् द्वारा निर्देश दिया गया कि उद्भवन परिषद् की बैठकें त्रैमासिक (Quarterly) आधार पर आयोजित की जाएं।

**मद सं0: 05:03** **इनक्यूबेशन हब एवं एच0बी0टी0यू0-टी0बी0आई0 फाउंडेशन (HBTU TBIF) की वर्ष 2025 से वर्ष 2026 तक की प्रगति आख्या।**

परिषद् द्वारा इनक्यूबेशन हब एवं एच0बी0टी0यू0 टी0बी0आई0 फाउंडेशन की प्रगति आख्या वर्ष 2025-26 को सराहा गया।

साथ ही, परिषद् द्वारा सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालय में एक समस्या-सुझाव पेटिका (Problem/Suggestion Box) अथवा समर्पित मंच स्थापित किया जाए, जिसके माध्यम से विभिन्न छात्र अपनी विभागीय, सामाजिक अथवा अन्य समस्याओं एवं उनका समाधान पत्र या किसी अन्य उपयुक्त माध्यम से प्रस्तुत कर सकें।

परिषद् द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि इनक्यूबेशन हब द्वारा छात्रों के कौशल विकास (Skill Development) हेतु कार्यक्रम संचालित किए जाएं तथा कितने छात्रों को कौशल-प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं उसका परिणाम (Outcome) क्या रहा, इसका सतत लेखा-जोखा (Track) रखा जाए।

परिषद् द्वारा निर्देशित किया गया कि **Smart India Hackathon (SIH)** जैसी प्रतियोगिताओं की समय-सारणी का विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर के साथ समुचित सामंजस्य स्थापित करते हुए पूर्व में ही व्यापक प्रचार-प्रसार एवं सूचना सुनिश्चित की जाए, ताकि अधिक से अधिक छात्र समय रहते इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर सकें।

**मद सं0: 05:04** **एच0बी0टी0यू0 विश्वविद्यालय में शासन द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) की स्थापना हेतु विचार एवं सूचना तथा ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में नवीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) की स्थापना के प्रस्ताव के संबंध में विचार।**

परिषद् द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) एवं ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में प्रस्तावित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) की स्थापना संबंधी सूचना का संज्ञान लिया गया तथा उक्त दिशा में आवश्यक कार्यवाही किये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

**मद सं0: 05:05** **इनक्यूबेशन हब के इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार के अंतर्गत नवीन भवन का इनक्यूबेशन को-वर्किंग स्पेस के रूप में उपयोग किए जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद् द्वारा नवीन भवन को इनक्यूबेशन को-वर्किंग स्पेस के रूप में उपयोग किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

परिषद् द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि Green & Energy Efficient Chemical Technologies (Green Energy) CoE भवन को इनक्यूबेशन हब द्वारा अधिग्रहित (Take Over) किया जाए।

**मद सं0: 05:06** **एच0बी0टी0यू0 इनक्यूबेशन पॉलिसी-2022 (संशोधन-2026) के निर्गत किए जाने के संबंध में परिषद को अवगत कराना।**

परिषद् द्वारा एच0बी0टी0यू0 इनक्यूबेशन पॉलिसी-2022 (संशोधन-2026) पर विचारोपरान्त बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया तथा उक्त पॉलिसी को अंतिम अनुमोदन हेतु कार्य परिषद् (Executive Council) की बैठक में संदर्भित किए जाने का निर्णय लिया गया।

**मद सं0: 05:07** **इनक्यूबेशन हब के प्रयोगार्थ भवन को 'अटल भवन' नाम दिए जाने तथा इनक्यूबेशन हब के नवीन भवन के नामकरण पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद् को अवगत कराया गया कि एच०बी०टी०यू० गजट, 2016 के अनुसार विश्वविद्यालय के उद्‌भवन अनुभाग का आधिकारिक नाम "उद्‌भवन हब (Incubation Hub)" है। वर्तमान में उद्‌भवन हब का कार्यालय जिस भवन में संचालित है, उस भवन का नाम "अटल इन्क्यूबेशन हब (Atal Incubation Hub)" प्रचलित है। इसके फलस्वरूप सामान्यतः कार्यालय का नाम भी "अटल इन्क्यूबेशन हब" समझा एवं उल्लेखित किया जा रहा है, जो एच०बी०टी०यू० गजट, 2016 में उल्लिखित आधिकारिक नाम के अनुरूप नहीं है। साथ ही, उक्त नामकरण से नीति आयोग की "अटल इन्क्यूबेशन सेंटर (Atal Incubation Centre - AIC)" योजना के साथ भ्रम की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है।

विस्तृत विचार-विमर्श के उपरान्त परिषद् द्वारा निर्णय लिया गया कि उद्‌भवन हब के **भवन का नाम "अटल भवन (Atal Bhawan)"** रखा जाए।

तदनुसार, उद्‌भवन हब का आधिकारिक पता निम्नवत् होगा:

| | |
|---|---|
| **उद्‌भवन हब**<br>**अटल भवन, पूर्वी परिसर एच०बी०टी०यू०, कानपुर** | **Incubation Hub**<br>**Atal Bhawan, East Campus, HBTU Kanpur** |

परिषद् द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि यदि कोई भूतपूर्व छात्र (Alumnus) अथवा अन्य व्यक्ति / संस्था नवीन भवन की लागत का 2/3 भाग वहन करता है, तो उस भवन को एक निश्चित अवधि हेतु उनके नाम पर नामित किया जा सकता है।

उक्त दोनों प्रस्ताव बैठक में पारित किए गए तथा इन्हें कार्यकारिणी परिषद् (Executive Council) की आगामी बैठक में प्रस्तुत किए जाने का निर्णय लिया गया।

**मद सं0: 05:08** **प्रो. रेखा बाली, प्रो. एस. के. शर्मा एवं प्रो. अरुण मैथानी के इस वर्ष सेवानिवृत्ति के उपरांत एचबीटीयू टीबीआई फाउंडेशन के निदेशक पद पर बने रहने अथवा अन्य नामांकन के संबंध में निर्णय।**

विस्तृत विचार-विमर्श के उपरान्त परिषद् द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रो. रेखा बाली, प्रो. एस. के. शर्मा एवं प्रो. अरुण मैथानी का एच॰बी॰टी॰यू॰ टी॰बी॰आई॰ फाउंडेशन के निदेशक पद पर वर्तमान कार्यकाल शैक्षणिक सत्र 2026-27 तक यथावत् रहेगा।

**मद सं0: 05:09** **StartinUP नीति के अनुरूप एच0बी0टी0यू0-टी0बी0आई0 में इनक्यूबेटेड स्टार्टअप्स हेतु Faculty Start-up एवं Student Start-up की परिभाषा में संशोधन पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद् द्वारा Faculty Start-up की परिभाषाओं को StartinUP नीति के अनुरूप (अर्थात् 27 प्रतिशत या उससे अधिक शेयरधारिता के आधार पर) संशोधित किए जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। कार्यकारिणी परिषद् (Executive Council) की आगामी बैठक में प्रस्तुत किए जाने का निर्णय लिया गया।

**मद सं0: 05:10** **HBTU TBI Foundation द्वारा विद्यार्थियों को Pre-Incubation के अंतर्गत ₹50,000/- की अनुदान राशि प्रदान किए जाने के उपरांत निर्धारित कार्य/परियोजना पर संतोषजनक प्रगति न किए जाने की स्थिति में अनुदान राशि की वापसी/वसूली के प्रावधान पर विचार।**

परिषद् द्वारा विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि स्टार्टअप मूल्यांकन समिति (Startup Evaluation Committee) द्वारा स्टार्टअप्स का सतत् मूल्यांकन किया जाता रहेगा, जिसके आधार पर अनुदान राशि का चरणबद्ध रूप से वितरण (Phased Disbursement) किया जाएगा।

**मद सं0: 05:11** **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य बिन्दु पर विचार।**

परिषद् के समक्ष किसी अन्य बिन्दु को प्रस्तुत नहीं किया गया और मा0 अध्यक्ष के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

15/7/26

**(प्रो0 जितेन्द्र भास्कर)**

**अधिष्ठाता, उद्भवन हब**